NEWS18 हिंदी

# सलाइन वॉटर मिलाकर नकली खून बनाने का धंधा, पूरे यूपी में जांच करेगी एसटीएफ

Lucknow News in Hindi

होम » उत्तर प्रदेश

**एसटीएफ के अनुसार इस काले कारोबार से जुड़े तीन और लोग निशाने पर हैं. इनके इस धंधे में शामिल होने के सबूत सामने आए हैं. जल्द ही इन्हें हिरासत में लिया जाएगा. यही नहीं मामले में कई ब्लड बैंकों के भी इस गोरखधंधे में शामिल होने का पता चला है.**

- NEWS18HINDI
- **LAST UPDATED:** OCTOBER 28, 2018, 10:53 AM IST



सांकेतिक तस्वीर

उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने राजधानी लखनऊ में सलाइन वॉटर मिलाकर खून के काले कारोबार की जांच का दायरा प्रदेश भर में फैला दिया है. एसटीएफ पूरे प्रदेश में चल रहे इस काले कारोबार को एफएसडीए की मदद से जांच करेगी. एसटीएफ के अनुसार लखनऊ में हुई रेड के बाद पता चला है कि ये काला कारोबार प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी फैला हो सकता है.

एसटीएफ के अनुसार इस काले कारोबार से जुड़े तीन और लोग निशाने पर हैं. इनके इस धंधे में शामिल होने के सबूत सामने आए हैं. जल्द ही इन्हें हिरासत में लिया जाएगा. यही नहीं मामले में कई ब्लड बैंकों के भी इस गोरखधंधे में शामिल होने का पता चला है.

बता दें यूपी एसटीएफ ने पिछले दिनों राजधानी लखनऊ में चल रहे खून के काले कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए 7 लोगों को दबोचा. पकड़े गए आरोपी केमिकल और पानी मिलाकर खून का काला कारोबार कर रहे थे. एसटीएफ ने गुरुवार देर रात मड़ियांव स्थित दो हॉस्पिटलों में छापा मारकर आठ यूनिट खून बरामद किया.  एसटीएफ की यह छापेमारी काफी गोपनीय रही. स्थानीय पुलिस को भी इसकी भनक नहीं लगी. गिरोह का सरगना नसीम बताया जा रहा है.

एसटीएफ के मुताबिक, मड़ियांव में यह काला कारोबार काफी लंबे समय से चल रहा था, एसटीएफ ने करीब 15 दिनों तक ब्लड बैंक की रेकी की. सबूत और साक्ष्य जुटाने के बाद एसटीएफ के डिप्टी एसपी अमित नागर के नेतृत्व में देर रात तक छापेमारी जारी रही.

एसटीएफ के मुताबिक आरोपी केमिकल और पानी मिलाकर दो यूनिट से तीन यूनिट खून बनाते थे. यहां बिना किसी मेडिकल डिग्री के कर्मचारी काम कर रहे थे. ब्लड बैंक में किसी डॉक्टर की तैनाती नहीं थी. गिरफ्तार किए गए सभी युवक इंटर तक पढ़े हैं. एक यूनिट मिलावटी खून के लिए 3500 रुपये वसूलते थे. यह गिरोह मजदूरों और रिक्शाचालकों से 1000-1200 में खून खरीदता था और उसमें केमिकल और पानी मिलाता था.

Source: https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/lucknow-up-stf-planning-to-probe-statewide-in-fake-blood-bank-case-upas-1564375.html